**खबर संक्षेप**

## 4 पुलिस अधिकारियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक से किया गया सम्मानित



**मण्डला।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उनकी अति उत्कृष्ट सेवाओं के लिये वर्ष 2024 का अति-उत्कृष्ट सेवा पदक और उत्कृष्ट सेवा पदक की घोषणा की गई हैं। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश से अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची जारी की हैं। जिसमें मण्डला जिले से 4 पुलिस अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। महेन्द्र रायपुरिया, सहायक सेनानी 35वीं वाहिनी विसबल मंडला को अति उत्कृष्ट सेवा पदक पीए निरीक्षक (अनु.) रविन्द्र कुमार लिल्हारे, पुलिस कार्यालय मंडला, पुलिस अधीक्षक कार्यालय की रीडर शाखा में पदस्थ कार्य. सहायक उप निरीक्षक हेमचंद बरमैया एवं 35वीं वाहिनी वि.स.बल, मण्डला में पदस्थ आरक्षक मनोहर सिंह मरावी उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

## मटियारी में बोरी बंधान कर ग्रामवासियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**मण्डला।** जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जगनाथर के मटियारी नदी में 367 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय राजेन्द्र चौधरी ने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी है, यही वजह है कि यह हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। बोरी बंधान कार्य में जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जागनाथर के सहयोग से किया गया।बोरी बंधान कार्यक्रम के बाद अंत में म.प्र. जन अभियान परिषद् के विकासखण्ड समन्वयक मंडला संतोष कुमार झारिया द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### मृतक के परिजनों के साथ की मारपीट

# अस्पताल प्रबंधन की गुंडागर्दी

*** चिकित्सकों ने भी परिजनों को ही दोषी बताया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





अपने गंभीर रूप से बीमार भाई को लेकर आये युवक की मानसिक स्थिति समझी जा सकती है वह तो इलाज और चिकित्सक तक पहुंचने के लिये जल्दबाजी ही करेगा इस दौरान यदि कोई उसे जल्दबाजी न करने को कहे तो निश्चित रूप से वह युवक भावनाओं में बहकर गलत व्यवहार भी कर सकता है लेकिन उस दौरान उसकी भावनाओं को उसकी संवेदनाओं को समझते हुये अस्पताल प्रबंधन को उसे समझाना चाहिये लेकिन इसके ठीक उलट यदि अस्पताल प्रबंधन एक साथ मिलकर उस युवक उसके भाई को घेरकर मारने लग जाये तो फिर इसे कौन सी मानवता कहेंगे।

मामला है कल दोपहर का जबकि सरदार भगत सिंह वार्ड निवासी मुकेश सिंगरौरे अपने भाई को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा बताया जाता है कि उसके भाई ने घर पर फांसी लगा ली थी तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे मुकेश ने स्वयं ही स्ट्रेचर पर लेटाकर भाई को आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में ले जाने लगा तो उपस्थित गार्ड द्वारा उसे रोका गया लेकिन उसे तो इलाज की जल्दी थी वह जल्द से जल्द चिकित्सक के पास पहुंचना चाहता था लिहाजा उसने गार्ड की बातों पर ध्यान नहीं दिया जैसे-तैसे आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में जब वह युवक अपने भाई को लेकर पहुंचा और चिकित्सक से तुरंत उपचार की बात कही लेकिन उस दौरान चिकित्सक के द्वारा भी हीला-हवाली उसे परेशान करने लगी जैसे-तैसे चिकित्सक ने गंभीर रूप से आये उसके भाई का ईसीजी टेस्ट किया और फिर रूकने को कहा यह परिस्थिति निश्चित रूप से उस भाई के अत्यंत पीड़ादायक रही होगी जो कि तुरंत उपचार की उम्मीद लेकर अपने भाई को चिकित्सालय लेकर आया था डॉक्टर ने उसे बैठने को कहा लेकिन ऐसी स्थिति में कौन भाई होगा जो चुपचाप बैठा रह सकता है। इसी दौरान गार्ड ने पुनः उससे जल्दबाजी न करने की बात कही यह बात उस युवक को बर्दाश्त नहीं हुई लिहाजा उसने गार्ड को धक्का दे दिया बस इतनी गलती उस युवक के लिये इतनी भारी पड़ी तुरंत ही गार्ड और साथी वहां पहुंच गये और मानवता को दरकिनार करते हुये उस युवक पर टूट पड़े इन लोगों ने जरा सा भी परिस्थिति का ध्यान नहीं रखा कि इस युवक का भाई अपने जीवन से संघर्ष कर रहा है ऐसे में उसे उपचार की आवश्यकता है न कि उसके भाई के साथ मारपीट की।

चिकित्सालय में काम कर रहे लोगों को इतनी समझ तो होनी चाहिये कि आने वाले मरीजों की मनोदशा को समझते हुये अपने आपको संयमित रखें यदि उस युवक ने किसी गार्ड को धक्का दिया भी था तो उसकी शिकायत की जा सकती थी पुलिस को सूचना देकर उसे समझाईश दी जा सकती थी और उसकी गलती पर उसे बाद में दण्ड भी दिया जा सकता था लेकिन उस दौरान जबकि उसका भाई जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहा हो ऐसे में युवक के साथ मिलकर मारपीट करना निश्चित रूप से चिकित्सकीय सेवा और व्यवहार के लिये अनुचित था।

खबर लगते ही युवक के परिजन और उसके जान, पहचान के लोग भी चिकित्सालय पहुंचे इस दौरान भी उनके घरों की महिलाओं के साथ भी अस्पताल प्रबंधन ने धक्का-मुक्की की चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी और जब पुलिस पहुंची तो चिकित्सकों ने परिजनों को ही दोषी ठहराते हुये इन पर कार्यवाही की मांग की।

इलाज के लिये आये लोगों की मनोदशा उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुये अस्पताल प्रबंधन को मानवतावादी व्यवहार करना चाहिये कोई भी परिजन अपना घर छोड़कर अस्पताल लड़ाई-झगड़ा करने नहीं जाता कहीं न कहीं उपचार या सेवा के दौरान कमी को देखकर लोगों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है उसे संयमित रूप से लेने की आवश्यकता है।




## विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल, सर्व हिंदू समाज ने किया विरोध प्रदर्शन



*** पहलगाम आतंकी घटना को लेकर देश में व्याप्त रोष पर लगातार हो रहा विरोध।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में देश के बेकसूर नागरिकों की असाधारण मौत को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। देश में व्याप्त आतंकवाद के विरुद्ध सामाजिक संगठन एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। इसी तारतम्य में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिंदू समाज के द्वारा शुक्रवार को बैगा बैगी चौक में पहलगाम कश्मीर में हिंदू नरसंहार के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए और अमानवीय जेहादी नरसंहार के विरोध में नारे बाजी की गई। सरकार से मांग की गई कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए आवश्यक कड़े कदम उठाए जाएं ताकि आम नागरिकों का जीवन सुरक्षित रह सके। आतंकवाद से सभी इकाइयों को नष्ट कर दिया जाए। आतंकवादियों को इस अमानवीय नरसंहार का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। पाकिस्तानी आंतकवादी संगठन की इस झकझोर देने वाली घटना के विरोध में देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। विरोध के दौरान आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इसके पश्चात घटना में जान गंवा चुके नागरिकों को दो मिनट का मौन धारण करके श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

### मंत्री श्रीमती संपतिया उइके 26 अप्रैल को डिंडौरी जायेंगी

**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके 26 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे टिकरवारा से डिंडौरी के लिए प्रस्थान करेंगी। आप डिंडौरी में विभागीय समीक्षा बैठक लेने के बाद दोपहर 2 बजे डिंडौरी से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे मंडला आएंगी।

## संत निरंकारी मंडल ने रक्तदान शिविर से दिया मानव सेवा का संदेश

*** 104 पुरुष एवं 26 महिलाओं ने किया कुल 130 यूनिट रक्तदान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में मानव एकता दिवस की उपलक्ष्य में शुक्रवार को संत निरंकारी भवन बिंझिया में 16 वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। बाबा गुरुबचन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने रिबन काटकर किया, उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जिले में रक्त इकाई की महती आवश्यकता है। ऐसे में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का शिविर का कदम सराहनीय है, आयोजित शिविर जिले में रक्त की उपलब्धता में सहायक होगा। जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने रक्तदान शिविर पर कहा संस्था के इस प्रयास से लोगों के जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों के मन में भ्रांतियों को दूर करते हुए हमेशा रक्तदान के लिए जागरूक रहना चाहिए क्योंकि शरीर में समय से पुनः रक्त की पूर्ति हो जाती है।

शिविर में पुरुष,महिलाओं एवं युवाओं ने मिलकर 130 यूनिट रक्तदान कर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक को सहयोग किया।बताया गया कि संत निरंकारी मिशन विश्व की एक बड़ी संस्था के रूप में रक्तदान शिविर के माध्यम से मानव सेवा का काम कर रही है और सभी नगरों में जागरूकता संदेश देते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं।

रक्तदान में पुरुष एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की इसके साथ ही रक्तदान करने में युवाओं में भी विशेष उत्साह देखा गया। शिविर में रक्तदाताओं के लिए स्वल्पाहार, भोजन, चाय, बिस्किट, जूस, फल आदि की व्यवस्था की गई। सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मान के साथ उत्साह वर्धन किया गया।शिविर के दौरान संस्था के सभी सदस्य,जिला ब्लड बैंक का सराहनीय सहयोग रहा।

## मोबाईल दुकान में 4 नाबालिगों ने की चोरी



**मण्डला।** थाना बिछिया में ओमप्रकाश निवासी बिछिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 08.04.2025 की दरम्यानी रात में अज्ञात चोरों के द्वारा बजाज मोबाईल दुकान के अंदर घुसकर मोबाईल, मेमोरी कार्ड, ईयरफोन हेडफोन एवं स्मार्ट वॉच चोरी कर ले गये है। रिपोर्ट पर थाना बिछिया में अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्र. 127/ 2025 धारा 331 (4), 305 भारतीय न्याय सहिता का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में प्राप्त तकनिकी साक्ष्यों की मदद से अज्ञात चोरों की तलाश पतासाजी के दौरान दिनांक 23.04.2025 को 04 की पहचान कर पूछताछ किये गये जिन्होने दिनांक 08.04.2025 की दरम्यानी रात बजाज मोबाईल दुकान बस स्टैंड बिछिया से चोरी करना स्वीकार किये है। साथ ही बिछिया स्थित मनोज अग्रवाल की किराना दुकान में दिसंबर 2024 में हुई चोरी को भी स्वीकार किया गया। जिनसे चोरी किये गये मोबाईल, ईयर फोन, हेड फोन जिनकी अनुमानित कीमत 65 हजार रूपये जप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही की गयी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया, उनि प्रवीण मालवीय, प्र.आर. शरद सरोते, आर. हेमन्त शिव, आर. रजनीकांत, आर संजय कटरे व सायबर सेल मंडला की भूमिका रही है।

**चर्चा** | **संविधान के पथ पर चलकर बाबा साहेब को सम्मान देती है भाजपा।**

# डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर विचारगोष्ठी का आयोजन

*** कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री विजय शाह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



शुक्रवार को नगर पालिका टाउन हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर पर सम्मान सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप जनजातीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी एसएस उद्दे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ भीमराव अंबेडकर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित से की गई। मंचासीन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री का पगड़ी पहनाकर कर स्वागत किया गया। वहीं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने श्री शाह का शॉल श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शाह ने कहा कि भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता, न्याय, भाईचारा, बंधुत्व और संविधान निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है जो हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देती है। हमें डॉ. अम्बेडकर के मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि बाबा साहब का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जो कि भारतीय रिजर्व बैंक है की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान रहा है क्योंकि वे एक अर्थशास्त्री थे। इसलिए उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने लोगों को कृषि क्षेत्र और औद्योगिक गतिविधियों के विकास के लिए प्रेरित किया उन्होंने लोगों को बेहतर शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए भी प्रेरित किया दलित बौद्ध आंदोलन उनसे प्रेरित था। मंत्री श्री शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया जिनमें से एक नाम भीमराव अम्बेडकर का भी नाम है। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की संघर्ष गाथा भारत के युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की सरकार है जिसका उद्देश्य केवल विकास है। वहीं पीएचई कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने सदैव समाज के कमजोर, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के अधिकारों और उनके उत्थान के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और असमानता जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार हमें समानता, न्याय और बंधुत्व की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। भारत के संविधान के प्रमुख निर्माता अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकारों और मजदूरों के अधिकारों की भी वकालत की स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री के रूप में पहचाने जाने वाले अंबेडकर का भारतीय गणराज्य की संपूर्ण अवधारणा के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। वही मंच का संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी जुगल किशोर बघेल के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन बसंत चौधरी के द्वारा किया गया।



## प्रतिनियुक्ति वाले शिक्षक विभाग में किए जाएंगे मर्ज-कुंवर विजय शाह

*** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मंडला के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह के मंडला प्रवास के अवसर पर ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मंडला के पदाधिकारियों ने प्रांत अध्यक्ष डी के सिंगौर की अगुवाई में मुलाकात की। पदाधिकारियों ने मंत्री जी को डायरी पेन और एसोसिएशन का 12पृष्ठीय कैलेंडर भेंट कर अभिनंदन किया। मंत्री जी ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ पदाधिकारियों से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने एजुकेशन से ट्राइबल विभाग में प्रतिनियुक्ति के माध्यम से स्थानांतरण पर आए लगभग 4372 शिक्षकों के ट्राइबल विभाग में मर्ज का मुद्दा उठाया। उन्हें अवगत कराया गया कि उस समय एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरण न हो पाने के कारण प्रतिनियुक्ति का रास्ता अपनाया गया था। प्रतिनियुक्ति के 6वर्ष हो गए लेकिन अब तक इनके विभाग में संविलयन की कार्यवाही नहीं की गई। दूसरे विभाग में लंबे समय से प्रतिनियुक्ति में कार्य करने पर भी उनकी क्रमोन्नति और उच्च पद प्रभार की कार्यवाही मूल विभाग से ही होने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वरिष्ठता सूची भी उनके मूल विभाग से ही जारी हो रही है। मंत्री जी ने इस विषय को गंभीरता से लिया और कहा कि आपकी मांगे जायज हैं और शीघ्र ही संविलयन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संविलयन के कारण आपकी वरिष्ठता नहीं मिलेगी, जिस पर पदाधिकारियों ने सहमति दी। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि संविलयन जल्दी कर देंगे तो वरिष्ठता का और ज्यादा नुकसान नहीं होगा। पदाधिकारियों ने मंत्री जी से कहा कि वे पुनः भोपाल आपसे मुलाकात करेंगे। एसोसिएशन ने अपने पत्र के माध्यम से ट्राइबल विभाग में उच्च पद प्रभार और वरिष्ठता सूची का मुद्दा उठाया साथ ही मंत्री जी को स्मरण कराया कि उनके द्वारा खंडवा में घोषणा की गई थी कि ट्राइबल विभाग के शिक्षकों को सेवा में तीन साल का एक्सटेंशन दिया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि इसके आदेश का इंतजार है यह घोषणा अध्यापक संवर्ग से आए शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है इस संवर्ग के शिक्षक अपनी अधिकांश सेवा बहुत ही अल्प वेतन में दी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी, सरिता मरावी, विपिन अग्रवाल अनिल सिंगौर, अमित मिश्रा, संदीप कछवाहा, ब्रजेश पटेल, सुखमन सिंह मरावी उपस्थिति रहे। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के मंत्री जी से मुलाकात के दौरान सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता भी उपस्थित थीं।

# क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते अपनी दुर्दशा पर वर्षो से आँसू बहा रहा है सिहोरा बोहानी रेल्वे स्टेशन, किसी बड़ी ट्रेन हेतु कभी नहीं हुआ जोरदार प्रयास, धूप में खड़े होकर रेल यात्रियों को करना पड़ता है इंतजार...?










**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा**/बोहानी। जहाँ एक ओर केन्द्र सरकार द्वारा क्षेत्र में अनेक प्रकार की रेल सेवायें देकर वाह वाही लूटी जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जाये तो तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक मात्र रेल्वे स्टेशन सिहोरा बोहानी लगातार उपेक्षा की शिकार होकर अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही है। इस रेल्वे स्टेशन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बोहानी रेल्वे स्टेशन जिस पर पैसेन्जर के अलावा एक्सप्रेस के नाम पर बीना गाड़ी व फास्ट पैसैन्जर मात्र रूकती थी। मगर कोरोना काल से वह भी बंद होने के कारण मोमो रेल तो मिली है। मगर वह गरीबों के लिये कोई लाभ नही पहुंचा पा रही हे। क्योंकि गरीबों के लिए सबसे ज्यादा उपयोग आने वाली शटल बीते हुये कई वर्षो से बंद होने के चलते जहां क्षेत्रवासी परेशान होते हुए देखे जा रहे है। वही लोगों का कहना है कि यदि कहीं अन्य गाड़ियों के स्टाप के बारे में क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं ने सोचा होता तो शायद क्षेत्र के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि साबित होती। क्योंकि तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के क्षेत्रफल पर नजर डाली जावे तो वह नर्मदा के दोनों ओर फैला हुआ है और इस विधान सभा क्षेत्र में मात्र एक ही रेलवे स्टेशन है वह सिहोरा बोहानी यानि की नर्मदा इस पार स्थित है और क्षेत्र की लम्बे समय तक बागडोर संभालने वाले प्रमुख नेता नर्मदाजी के उस पार निवासरत रहने के चलते शायद ही वह इस रेल स्टेशन की बदहाली या फिर सुविधाओ की ओर सोच पाते हो...? शायद यही कारण है जिसके चलते बोहानी रेल्वे स्टेशन के लिये क्षेत्र के नेताओं से लेकर किसी भी केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के नेता ने आज तक कोई जोरदार पहल नहीं की गई है जिससे क्षेत्र के गरीबों का भला हो सकता। अक्सर देखा जाता है कि नेता लोग जिले में मात्र बड़ी बड़ी गाड़िया शुरू करके वाह वाही जरूर लूटते रहे है। मगर इस क्षेत्र की गरीब जनता को कोई फायदा आज तक नही हुआ है? जबकि नेताओं को भोपाल से लेकर दिल्ली तक की कुर्सी तक पहुंचाने के लिए इस क्षेत्र के लोगों की भी अहिम भूमिका होती है। यदि इस क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बोहानी रेल्वे स्टेशन पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच इटारसी की ओर जाने के लिए कोई गाडी ही उपलब्ध नही है। वही दूसरी ओर सुबह मेमों के बाद शाम 6 बजे तक जबलपुर की ओर जाने के लिए एक्सप्रेस गाड़ी नही है..? इस सच्चाई को लेकर लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बोहानी तेदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में मात्र एक ही रेल्वे स्टेशन है और इस रेल्वे स्टेशन से ग्राम सिहोरा, ठुटी, महँगवाँ, अजंसरा, बुधवारा, खुलरी, बिलौनी, मुड़यिा, भौरझिर, घघरौला, पटना, लिंगा, सूरना, करहैया, सलैया, देगुवाँ, तिगुवाँ, रहली, ढाड़यिा, मरका, चिरचिरा, पुरगवाँ, मनकवारा, बम्हौरी, पनारी, नरसरा, टेकापार, घौखेड़ा सहित अनेक ग्रामों के लोगों को यदि जबलपुर जाना है तो वह बोहानी रेल्वे स्टेशन से ही यात्रा करते हैं। मगर यहां पर छोटी एक ट्रेन के आलवा अन्य कोई दूसरी ट्रेनों के स्टाप नही होने के कारण यदि कोई यात्री छोटी गाडी चूक गया तो फिर उसे कोई साधन नही रहता है। कम से कम जनता एक्सप्रेस ही रूकने लगती तो क्षेत्र की जनता के लिए कुछ लाभ तो होता..? वही क्षेत्र के मरीजों को नागपुर जाने के लिए या तो करेली या फिर गाडरवारा जाना पड़ता है जब वह नागपुर जा पाते है यदि नागपुर यहां रूकने लगे तो मरीजों के लिए काफी लाभ दायक होगी क्षेत्र के लिये बड़ी उपलब्धि साबित होने से नही चूक पायेगी। मगर इसके लिए नेताओं द्वारा कोई पहल पहल न करना निश्चित चिंता की बात है? इस संबंध में जब हरिभूमि ने क्षेत्र के लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि आज के दौर में लोगों को छोटे छोटे कार्यो के लिए जबलपुर व अन्य जगहों पर आये दिन जाने की जरूरत पड़ती है। मगर बोहानी रेल्वे स्टेशन में बीना व मेंमो गाड़ी के स्टाप के अन्य अन्य किसी बड़ी गाड़ी के सुविधा नही होने के कारण मजबूरी बस बड़ी ट्रेने पकड़ने के लिए क्षेत्र के लोगों को करेली या फिर गाडरवारा जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यदि क्षेत्र के जिम्मेदारो द्वारा इस ओर अपनी जागरूता दिखाई गई होती तो निश्चित तौर से आज बोहानी स्टेशन पर जरूरी बड़ी ट्रेनों के रूकने की सुविधा मिल सकती थी जिससे संपूर्ण क्षेत्र के लोगों को लाभ होता। यदि देखा जावे तो जिस प्रकार से क्षेत्र का विकास लगातार हो रहा है और प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी हुई सरकारों द्वारा युवाओं को रोजगार सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करते हुए उन्हें रोजगार से जोड़ने की सोच रही जा रही है। मगर क्षेत्र में बड़े शहरों को जाने के लिए यहां से ट्रेन की सुविधाओं का आभाव देखने मिल रहा है। क्योंकि तेदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला प्रमुख एक मात्र रेल्वे स्टेशन अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझते हुए जान पड़ रहा है। इस रेल्वे स्टेशन पर बड़ी रेल सुविधाओं के आलवा अन्य प्रकार की कमियों के चलते लोगों रेल सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। क्योंकि बोहानी रेल्वे स्टेशन पर बीना के आलवा मात्र सुबह मेमों पैसेन्जर गाडी ही रूकती है। इनके आलवा और अन्य कोई ट्रेन नही रूकती है जिसके चलते यदि किसी भी व्यक्ति के भोपाल व नागपुर जाने के लिए जरूरत पड़ती है तो वह करेली या फिर गाडरवार पहुंचकर ट्रेन पकड़ने के लिए मजबूर होता है। आज के युग में युवाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिल रहा है। मगर क्षेत्र मे अनेक सुविधाओं के आभाव के चलते युवा वर्ग लगातार पीछे पिछडते हुए चला जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यातायात व्यवस्था का काफी आभाव देखने मिल रहा है। क्योकि क्षेत्र के एम मात्र प्रमुख रेलवे स्टेशन बोहानी इस समय बदहाली की स्थिति में जान पड़ रहा है। जबकि गाैर किया जावे तो आये दिन मरीजों को नागपुर जाने के लिए जहां क्षेत्र के नेताओं की पहल पर सीधी ट्रेन की सौगात तो प्रदान करा दी गई है। मगर यह सौगात से तेदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के काफी लोग मुहताज नजर आ रहे है। यदि इस ट्रेन का बोहानी स्टाप हो जाता है तो निश्चित तौर से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। जिले के प्रमुख नेताओं द्वारा क्षेत्र की सेवा के नाम पर वाही वाही लूटने का प्रयास तो किया जाता है। मगर उनके द्वारा इस क्षेत्र के लोगों के लिए पास पड़ने वाली बोहानी रेल्वे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों की सौगात दिलाने में आज तक सफल नही होने से क्षेत्र पूर्ण रूप से पिछड़ते हुए देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भंडारे में ठंडी पुड़ी देने की बात को लेकर की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**
पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह कौड़िया खेरापति माता मंदिर पर भण्डारा चल रहा था और प्रसादी ग्रहण करने के लिये आने वाले लोगों को पुड़ी परस रहा था। उसी दौरान भंडारे में प्रसादी लेने के लिये ग्राम कौडिया ही निवासी शेखर जाटव, राहुल तथा नीरज व नारायण जाटव आये और जब वह भंडारे में प्रसादी लेने लगे तो प्रार्थी द्वारा पुडी परसने पहुंचा इस बात को लेकर शेखर जाटव बोला की ठंडी पुडी क्या लाया है गर्म पुड़ी लेकर आ। इस बात पर प्रार्थी द्वारा कहा कि भीड़ अधिक होने के कारण पुड़ी बनने में देरी लग रही है सभी लोगों को यही पुड़ी दी जा रही है। इसी बात को लेकर शेखर जाटव, राहुल जाटव तथा नीरज व नारायण जाटव द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### अशासकीय विद्यालय के संचालकों की बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**
जनपद पंचायत चीचली के अशासकीय विद्यालयों के संचालक/ प्राचार्य/ प्रधान पाठक की अत्यावश्यक बैठक का आयोजन बीआरसी कार्यालय चीचली में किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल द्वारा बताया गया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सत्र 2025-26 हेतु शीघ्र ही 25 प्रतिशत बच्चो के निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है अतः प्री प्रायमरी कक्षाओं में शत प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण करें।सत्र 2025-26 में दर्ज सभी बच्चों की मैपिंग एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करें। बैठक मे फीस एवं पाठ्य पुस्तकों के संचालन पर भी चर्चा की गई। वही बैठक में फीस प्रपोजल तैयार करने एवं एजुकेशन पोर्टल 3.0 के संबंध में दीपक श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में कक्षा 05/08 के बच्चो की प्रोजेक्ट/अर्ध वार्षिक परीक्षा में त्रुटि सुधार की जानकारी भी ली गई।

### जल संरक्षण पर रंगोली सहित चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

गाडरवारा। स्थानीय पी एम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।बताया जाता है कि इस रंगोली प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से प्रथम साक्षी लोधी तो द्वितीय स्थान पर काजल साहू एवं तृतीय स्थान पर फिजा खान रहीं। जबकि उच्चतर माध्यमिक विभाग से प्रथम स्थान नंदनी जाटव ने प्राप्त किया गया तो द्वितीय स्थान पर वंदना नोरिया रहीं। इसी प्रकार से आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से प्रथम स्थान पर हिमांशी वर्मा तथा द्वितीय स्थान पर मुस्कान वर्मा एवं तृतीय स्थान पर गुंजन भार्गव रहीं। उच्चतर माध्यमिक विभाग से प्रथम स्थान पर कौसर शेख तथा द्वितीय स्थान श्री दुबे एवं तृतीय स्थान पूजा जाटव एवं नंदनी जाटव सयुक्त रूप से रहीं। छात्राओं ने प्रदत्त विषय पर अपनी रंगोली कला एवं चित्रकला में अपने कौशल का कुशलता पूर्वक उपयोग करते हुए जल संरक्षण पर अपनी भावनाओं का बखूबी प्रदर्शन किया गया एवं जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल को प्रकृति का अमूल्य उपहार बताया। इस दौरान उन्होंने जल के संरक्षण को अत्यधिक आवश्यक बताया गया।

# जल संरक्षण व संवर्धन के तहत ग्राम तूमड़ा में प्राचीन तालाब में हुआ श्रमदान, जल संरक्षण के लिये दिलाई गई शपथ



**सांईखेड़ा**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकास खंड सांईखेड़ा की नवांकुर संस्था तूमड़ा सेक्टर एक द्वारा पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम तूमड़ा के प्राचीन व प्रसिद्ध तालाब में जन सहभागिता से सामूहिक श्रमदान के माध्यम से गहरीकरण व साफ- सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान यहां मौजूद नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राकेश खेमरिया ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्राचीन जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व उसकी साफ- सफाई, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण और जल के सदुपयोग के लिए लोगों में जागरूक किया जा रहा है। वही लोगों को जल के महत्व और जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए समझाइश दी जा रही है। भू- जल स्तर में वृद्धि हो सके इसके लिए बरसात का पानी को बहने से रोकने के लिए खेत- तालाब, कंटूर ट्रेंच, सोकपिट, गैम्बियान, कुंआ, बावड़ी, बोरी व मेढ़ बंधान आदि के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। श्रमदान कार्य में अमोल सिंह पटेल, गोरीशंकर खेमरिया, दुर्गाप्रसाद शास्त्री, मोहन, अभयराम पटेल, सुखराम पटेल, मनोहर पटेल, मेहरवान के आलवा अन्य लोग मौजूद थें। वही सांईखेड़ा के महाविद्यालय में लगाये गये पक्षियों के लिए जल पात्र लगाये गये। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जहां प्रतिदिन जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं महाविद्यालय और स्कूली छात्र व छात्राओं एवं आम नागरिक भी इस कार्य में आगे आ रहे हैं। ग्रीष्मऋतु के समय में आने- जाने वाले नागरिकों को शुद्ध व शीतल पेयजल के लिए निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है, तो वहीं अनेक नागरिकों छात्रों द्वारा अपने घरों व बगियों में पक्षियों के लिए पीने के लिए पानी की व्यवस्था की है। नवांकुर संस्था व जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश खेमरिया ने लोगों को अपने- अपने घरों में पक्षियों के लिए सकोरे- पानी पीने के पात्र वृक्षों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। क्योंकि इससे पक्षियों को पानी की उपलब्धता बनी रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता यादव ने बताया कि हम सभी को एक साथ जल गंगा संवर्धन अभियान में जुड़कर जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करना चाहिये। आने वाले बरसात के समय में वर्षा का जल संरक्षित हो सके। सभी नागरिकों से अपील करती हैं कि वे भी जल का सदुपयोग करें और अनावश्यक जल का उपयोग नहीं करें। इस दौरान राजेन्द्र शर्मा, घनश्याम दास कौरव, डॉ. व्यासनारायण मिश्रा, ब्रजेश मेहरा, ओम प्रकाश रजक, रावत, महाविद्यालय एवं सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी मौजूद थे। वही दूसरी ओर ग्रामों में व्यापक स्तर पर दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा घरों के सामने रंगोली बनाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल ही जीवन का मूल- इसकी बर्बादी की न करना भूल", जल होगा- तभी सुरक्षित कल होगा", जन- जन ने ठाना है- जल को अब बचाना है आदि प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों और आने- जाने वाले राहगिरों को जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जल का सदुपयोग करने की समझाइश दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, प्रदेश के शिक्षा मंत्री होंगे शामिल



**गाडरवारा**। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2025- 26 के तहत नगरपालिका परिषद गाडरवारा में आज 26 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नगर की नई गल्लामंडी में आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह रहेगे मौजूद। वही विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा की जावेगी। इस तरह नगरपालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख की देखरेख में सुबह 11 बजे से आयोजिहत होने वाले इस आयोजन की जहां संपूर्ण तैयारियाँ की जा चुकी है। वही आयोजन के संबंध में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि संबंधित हितग्राही को अपने आवेदन के साथ वर- वधू के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी, वधू व उसके वर की समग्र आईडी, समग्र आईडी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में संबंधित निकाय जिसका आवेदक निवासी है द्वारा समग्र आईडी उपलब्ध कराई जायेगी और वर मध्य प्रदेश का निवासी नहीं होने की स्थिति में समग्र आईडी अनिवार्य नहीं होगा। वधू व वर के आधार कार्ड की फोटो कॉपी, आयु प्रमाण पत्र और आयु पुष्टि के लिए स्कूल का प्रमाण पत्र- टीसी अथवा अंक सूची, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा मतदाता सूची/ मतदान परिचय पत्र, शासकीय चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा आयु के लिए जारी प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड और अन्य दस्तावेज जिसमें आयु सिद्ध करने के लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य हो, प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा वधू- वर के पासपोर्ट साईज की दो- दो फोटोग्राफ, यदि हो तो अभिभावक व वर- वधु को मोबाईल नम्बर, कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्त महिला होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक होने का न्यायालयीन आदेश, यदि हितग्राही मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक है, तो श्रमिक पंजीयन कार्ड की छायाप्रति क्योंकि ऐसे पंजीकृत श्रमिक की अधिकतम 2 पुत्रियों पर व्यय की गई राशि मप्र भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल से प्राप्त की जायेगी जिसके दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।

# जमीन की बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया काउन्टर मामला



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा** अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे के दुश्मन बनकर मारपीट करने पर उतारू होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत देखने मिली जहां पर जमीन की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के चलते पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पचामा निवासी सौरभ पिता स्व मुन्नालाल पटैल उम्र 30 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि मौजा भटरा में मेरे दादा स्व जमना प्रसाद अटरोईया का खेत है जिसका मौखिक बटवारा होने पर यह खेत प्रार्थी की हिस्सा में आया जिसकी प्रार्थी द्वारा बोनी की जा रही थी। उसी दौरान ग्राम ही निवासी राजेन्द्र वर्मा तथा मनोज पटैल आये और बोले की तू यहां पर क्या आया है। इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये दोनों ने एक राय होकर लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरे पक्ष की ओर से प्रार्थी राजेन्द्र पिता प्रीतम सिंह लोधी उम्र 40 साल द्वारा भी अपनी शिकायत में बताया है कि जब पूर्वजों के बटवारे की जमीन जो मेरे हिस्से में आई है जब में उस पर बोनी कर रहा था तो सौरभ आया और बोला की यह जमीन मेरी है इस पर बोनी क्यों कर रहा है। इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस तरह पुलिस ने घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से की गई शिकायतों के चलते काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# कचरा संग्रहण के लिये नगर पालिका ने खरीदे एक दर्जन नये कचरा संग्रहण वाहन, स्वच्छता के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जावेगी-मिश्रा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**। नगर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने के प्रयास नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर पूर्णतः कचरा घर विहिन हो गया है। जहां पहले कचरे के ढेर लगे रहते थें मगर अब उन स्थानों पर पार्क और हरियाली नजर आ रही है। वही दूसरी ओर लोगों को नपा द्वारा इतना जागरूक किया जा चुका है और लोग भी स्वच्छता के प्रति इतने जागरूक है कि वर्तमान में लोग अपने घ्ररों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित करते हैं और नपा की कचरा गाडी के साउंड की आवाज सुनकर दौडे दौडे आते हैं और कचरा संग्रहण वाहनों में कचरा डालते हैं। जिससे नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है। मगर लगातार हो रहे नगर विकास व कालोनियों की स्थापना के चलते तथा वाहनों में हो रही समस्याओं के चलते कचरा संग्रहण वाहनों के समय पर कालोनियों में नही पहुंचने की शिकायते आने के चलते सफाई विभाग परेशान होते हुये देखा जा रहा था। इस तरह कचरा संग्रहण वाहनों की कमी को देखते हुये समस्या के निराकरण के लिये नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देषमुख के मार्ग दर्शन में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर मे 12 नये कचरा संग्रहण वाहन खरीदे गये है जिनका नगर पालिका में आने पर विधि विधान के साथ पूजन करते हुये सेवा में संचालित करने के लिये सफाई विभाग को सौपा गया है, जिसके बाद अब उम्मीद है कि नगर में कचरा संग्रहण आसानी से हो सकेगा।वही नपा अध्यक्ष सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्त नगर वासियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुये नगर को साफ स्वच्छ बनाने में सहयोग की उम्मीद जताई गई है। क्योंकि लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे को वह यहां वहां न फेंके ,निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों में ही डाले, नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें । इससे शहर स्वच्छ रहेगा और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी समाप्त होगा। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा का कहना है कि हम नगर का स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाने में कोई कसर नही छोडेगे मगर इसमें नगरवासियों के सहयोग की जरूरत भी होती है।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को मुस्लिम समाज द्वारा श्रद्धांजलि देते हुये मस्जिद में काली पट्टी बांधकर जताया आतंकवाद का विरोध





**गाडरवारा**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में देश के नागरिकों के शहीद होने पर बीते हुये दिवस स्थानीय मुस्लिम समाज द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित युवाओं ने एकत्र होकर कैंडल मार्च निकालते हुये शहीदों को दो मिनिट का मौन रखते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किये। वही नगर शक्ति चौक पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज सहित सभी वर्ग के लोगो ने शहीदों की आत्मा की शांति हेतु मौन रखकर प्रार्थना की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने इस नृशंस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह के कायरता पूर्ण हमलों को अंजाम देने वाले किसी भी प्रकार की इंसानियत के लायक नहीं हैं । सभा में वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि हमले के दोषियों को मौत की सजा दी जाए। मुस्लिम समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा हम सभी अहले वतन के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ हैं। इस तरह जो लोग निर्दोषों की जान लेते हैं, वे इंसान कहलाने के हकदार नहीं है । हम सरकार से अपील करते हैं कि ऐसे आतंकियों को मौत की सजा दी जाए ताकि देश की सुरक्षा और शांति बनी रहे। क्योंकि देश की मुस्लिम समाज हमेशा से देशभक्ति और इंसानियत के साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। इस दौरान मौजूद सभी वर्ग के लोग शामिल हुए और एक सुर में आतंकवाद की भर्त्सना की गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद सदर अबरार खान, पूर्व सदर मेहमूद पहलवान, अब्दुल फिरोज खान, पूर्व पार्षद अखिलेश राय, संजय राज कुमार पप्पू , मनोज साहू ,चंद्रभान पटैल, अक्कू चाचा, जमील बाबा, शाहिद ठेकेदार, अली पहलवान, सज्जाद अली, इमरान ताजी, फारुख खान, राज ताजी, राहुल रजक, शेरू मिस्त्री, मोहम्मद आसिब रानू , संजू बाबा, एहफाज़ राइन, साजिद अंसारी, असबाब अली, फिज्जु मिस्त्री, साहिल खान, शेख हनीफ सहित अन्य लोग मौजूद थें। वही नगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के समय कमेटी सहित मुस्लिम समाज के लोगो ने पहलगाँव में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुये आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण तरीके से निर्दोष लोगो की हत्या की गई है उस घटना पर दुख व्यक्त करते जुमे की नमाज पढ़ने पहुचे मुस्लिमजनों सहित जामा मस्जिद कमेटी ने काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध किया गया। वही कमेटी के पदाधिकारियो ने कहा कि हम सभी वतन परस्त लोग है । मुस्लिम समाज आतंकबाद का पुरजोर विरोध करती है भारत मे अमन चैन शांति कायम रहे इसके लिए दुआए करते है।






**खबर संक्षेप**

## शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की पहल



**कोतमा।** अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत अनूपपुर थर्मल एनर्जी एम.पी. प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना क्षेत्र के ग्रामीण सरकारी विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छतई ग्राम के दो विद्यालयों से हुई, जहाँ कुल 140 छात्रों को नए स्कूल बैग प्रदान किए गए। यह पहल 5 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 18 विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 854 छात्रों को कवर करेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इससे पूर्व भी अदाणी फाउंडेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किए हैं, जिनमें परियोजना क्षेत्र के 18 विद्यालयों में 587 स्कूल बेंच-डेस्क की व्यवस्था और आंगनवाड़ी के 354 बच्चों को बैग वितरित किए जाना शामिल है। इस अवसर पर मझौली पंचायत की सरपंच सुश्री चंदा पनिका ने बच्चों को बैग वितरित किए और अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, अडाणी परिवार के अधिकारियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करती रहेगी। यह पहल न केवल शैक्षिक संसाधनों की पूर्ति करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सकारात्मक प्रयास है।

## भूमिगत खनन को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय ने लांच की नई पॉलिसी

**राजनगर।** भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय ने हाल ही में नई पॉलिसी की शुरुआत की है। इससे भारत के कोयला क्षेत्र में नये अवसर खुलने की संभावना है। इसमें कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरु किये गये हैं। नई पॉलिसी के तहत इसमें फ्लोर रेवेन्यू शेयर में कमी की गयी है। भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व शेयर का फ्लोर प्रतिशत चार से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसका शहडोल के सोहागपुर क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र की भूमिगत खदानों में लाभ मिलेगा। कोयला मंत्रालय के इन प्रोत्साहनों से भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण व उन्नत तकनीकों के उपयोग में भी मदद मिलेगी। इससे कई फायदे हो सकते हैं।

## गाडने के एक माह के भीतर ही गिरा विद्युत खंभा गिरा



**अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों प्रसाद योजना के तहत मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के ठेकेदार द्वारा किस तरह का घटिया अमानख स्तर का विकास कार्य किया कराया जा रहा है जो की देखने योग्य है। नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 12 लोक निर्माण विभाग के उच्च विश्रामगृह के पीछे नगर परिषद कार्यालय के सामने पर्यटन विकास निगम के ठेकेदार द्वारा विकास कार्य के तहत लोहे का विद्युत खंभा लगाया गया है वह गत दिवस दोपहर में बिना हवा चले अपने आप गिरकर धराशाई हो गया उक्त विद्युत खंभा मात्र आधा फुट छः इंच ही गडा हुआ था और 6 इंच का सीमेंट चबूतरा सा बनाया गया था। विगत दिवस दोपहर में अचानक अपने आप गिर गया। संयोग इतना अच्छा था उक्त समय कोई भी व्यक्ति या वाहन सवार नहीं आ जा रहा था अन्यथा कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। विद्युत खंभा लगा एक माह भी नहीं हुआ और गिरकर धराशाई हो रहा है। उक्त विकास कार्य के प्रभारी उपयंत्री राजेंद्र शर्मा से इस संबंध में बात की गई और जानकारी ली गई की विद्युत खंभा कितने गहराई का गड्ढा कर गड़ा जाना चाहिए तो उन्होंने बताया कि विद्युत खंभा को कम से कम 1 मी गड्ढा कर गाड़ा जाना चाहिए यह गंभीर त्रुटि है सभी की जांच करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसी तरह इंद्र दमन तालाब के विकास कार्य में लगाए गए सौंदर्यीकरण के तहत विद्युत खंभा भी अचानक गिरकर मार्ग में आ गया था। गौरतलब है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्य सौंदर्यीकरण के कार्य करोड़ों रुपए की लागत से कराई जा रहे हैं।

# जिले में जल जीवन मिशन के हाल बेहाल महज पाइप लाइन से कैसे बुझे प्यास

डिंडोरी






शासन की अति महात्वाकांक्षी योजना इस आदिवासी बाहुल्य जिले खुद ही जमीनी स्तर पर पानी मांग रही है आलम यह है कि योजना के नाम पर करोड़ो रूपये खर्च कर टंकी के निर्माण के साथ ग्रामीण अंचलों में पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन वर्ष दर वर्ष बीतने के बाद भी पाइप लाइनों में लोगों के लिए शुद्ध पेयजल नहीं दौड़ सका ऐसा ही मामला है जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत विक्रमपुर का है जहाँ पानी की टंकी के साथ ठेकेदार द्वारा आधी अधूरी पाइप लाइन बिछाकर ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन के साथ स्टेण्ड तो खड़े कर दिए गए पर आज तक ग्राम के लोगों को नलजल योजना से बून्द भर भी पानी नसीब नहीं हो सका है सरपंच सहित ग्रामीणों ने बताया की जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी के साथ पाइप लाइन विस्तार का कार्य पी, एच, ई, विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा वर्ष 2021 / 22 में शुरू किया गया था लेकिन आज तक संबंधित विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा पानी की टंकी से शुद्ध पेयजल की सप्लाई चालू नहीं किया जा रहा है इस भीषण गर्मी में पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 /5/6/ पोषक ग्राम छिर्रा टोला में पेयजल जी विकराल समस्या बनी हुई है ग्रामीणों की माने तो ग्राम में कुएं लगभग सूख गए हैं और हैण्डपंपों से भी हवा निकल रही है ऐसे में इन्हें 1 से 2 कि, मी, की दूरी तय कर चिलचिलाती धूप में पेयजल का जुगाड़ बमुश्किल करना पड़ता है ग्राम घुसिया में ठेकेदार के द्वारा पानी टंकी के निर्माण के साथ पाइप लाइन बिछाने का कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया है ठेकेदार के द्वारा सरपंच मोहल्ला ,मुकद्दम टोला, पुलिस चौकी मोहल्ला,यादव टोला व कुम्हार टोला में पाइप लाइन का विस्तार नहीं किया गया है वहीं छिर्रा टोला में घरों में लगाये गए नल के स्टैंड भी जलापूर्ति न होने के चलते क्षतिग्रस्त हो गए हैं पंचायत में भीषण गर्मी में पेयजल समस्या के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति हेतु पंचायत के द्वारा लिखित पत्र जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया है लेकिन तब तक विक्रमपुर पंचायत के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझने विवश होना पड़ेगा यहां गंभीर सवाल यह है कि लंबा समय गुजर जाने के बाद भी जल जीवन मिशन का कार्य पी,एच, ई,विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा पूर्ण क्यों नहीं किया गया आखिर विभाग जिम्मेदार आँखों पर काली पट्टी बांधकर क्यों बैठे हुए हैं ।



## कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने किया औचक निरीक्षण

### जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन तालाबों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो तालाबों का निर्माण सुनिश्चित रूप से गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और भू-जल स्तर सुधार को बढ़ावा मिल सके। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड समनापुर की ग्राम पंचायत सरई के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम किकरझर में तालाब निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने विकासखंड डिंडौरी के ग्राम पंचायत खाम्ही विदयपुर में भी तालाब का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि जल संसाधनों का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाब न केवल जल संग्रहण में सहायक होते हैं, बल्कि ग्रामीणों की सिंचाई और पशुओं की जलापूर्ति की जरूरतों को भी पूरा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दीपक आर्मो सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने भारत रत्न एवं पंच तीर्थ बनाकर बाबा साहब को दिए सम्मान - संपत्तिया उइके

न्यूज।




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिंडोरी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके एवं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मौजूद रहे सभी मंचासीन अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तेली क्षेत्र पर तिलक वंदन कर संगोष्ठी की शुरुआत की संगोष्ठी के पूर्व पहलगांव में हुए आतंकी हमले पर निंदा करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया गया संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने बताया कि आज हमारे लिए गर्व की बात है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार शोषित वंचित पिछड़ों के लिए लगातार कार्य कर रही है चाहे केंद्र की सरकार हो या फिर राज्य की सरकार निरंतर हर क्षेत्र में कार्य कर रही है एवं लोगों की आर्थिक स्थिति को सुधार करने के लिए लगातार प्रयास भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जा रहा है मुख्य अतिथि सम्पतिया उइके ने कहा कि भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर न केवल एक दूरदर्शी नेता थे, बल्कि सामाजिक न्याय और हासिये पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए अथक संघर्ष करने वाले व्यक्ति भी थे। राष्ट्र के लिए अपने अद्वितीय योगदान के बावजूद, डॉ. अंबेडकर को अपने जीवनकाल में और यहां तक की मरणोपरांत भी कांग्रेस पार्टी द्वारा सुनियोजित तरीके से अपमान और उपेक्षा का सामनाकरना पड़ा। उनके आदर्श और सिद्धान्त अक्सर कांग्रेस के दृष्टिकोण से टकराते थे, जिससे वे दलितों और अन्य वंचित समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली गहरी जड़ों वालीअसमानताओं को हल करने में सतही और दिखावटी मानते थे।

कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को हराने के उद्देश्य से 1937 के बॉम्बेप्रेसीडेंसी चुनाव में उनके खिलाफ एक प्रसिद्ध क्रिकेटर बालू पालवंकर को उतारा। बालू पालवंकर चुनाव हार गए, लेकिन इस प्रयास ने कांग्रेस की डॉ. अंबेडकर के प्रति विरोध की भावना को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी को न सिर्फ भारत रत्न दिया बल्कि उनके शिक्षा एवं कार्य स्थल सहित पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर सम्मानित करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।

### भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धुर्वे ने कहा

डॉ. अम्बेडकर ने राष्ट्र नवनिर्माण के प्रति अपने कर्तव्य की भावना से विधि मंत्रालय स्वीकार कर लिया था वायसराय की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में श्रम और सीपीडब्ल्यूडी पोर्टफोलियो मैं उनके विशाल प्रशासनिक अनुभव को लेकर नेहरू ने उन्हें योजना विभाग देने की वादा किया था लेकिन नेहरू ने योजना विभाग के नवनिर्माण में देरी की और इसका अंतिम रूप से गठन हुआ तो डॉक्टर अंबेडकर को इससे बाहर रखा, इस प्रकार का दोहरा चाल और चरित्र कांग्रेस उसे जमाने से करती आ रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जन्मभूमि, शिक्षा भूमि, दीक्षाभूमि,महापरिनिर्वाण, चैत्य भूमि बनाकर अंबेडकर जी को सम्मान देने का काम किया है।

उक्त संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री जयसिंह मरावी व आभार अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती ने व्यक्त किया। उक्त संगोष्ठी में अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते वरिष्ठ समाजसेवी सुखराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति प्रकाश धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, प्रीतम मरावी, इंद्रावती धुर्वे, सुशीला मार्को, बद्री प्रसाद साहू, जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी, जिला मंत्री सपना जैन, अनुराग गुप्ता, मनका बनवासी, कीर्ति गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष स्कंध चौकसे, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, आईटी प्रभारी राहुल पांडे, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य,राजेश्वर साहू, लक्ष्मी प्रसाद दरकेश, वर्षा कुशराम, कृष्ण कुमार मिश्रा, हेम सिंह राजपूत, अनिल कुमार साहू, हीरेन्द्र मरावी,सुशील यादव, शिवराम राजपूत, अंकित गुप्ता, मंडल महामंत्री भागीरथ उरैती, तरुण ठाकुर, वर्षा मरावी, रुक्मणी मरावी, दिलीप धार्या, प्रवीण बर्मन, राजेंद्र परमार, यशवंत तोमर, ईश्वर दुबे, सुमित ठाकुर, देवा नायक, सरजू प्रसाद ठाकुर, कान्हा शर्मा, शिवनारायण यादव, लखन बंजारा, रोहित मरकाम, शीतल सर्जे, जीवन बंजारा, विजेंद्र दीक्षित, धनेश धनंजय, गजेंद्र करचाम, संदीप तेकाम, रामकुमार बनवासी, धर्मेंद्र जैतवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## बाल विवाह रोको अभियान के तहत ग्राम ददरगांव में रोका गया बाल विवाह




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह रोको टोक अभियान के अंतर्गत एक और बाल विवाह को रोका गया है। ग्राम ददरगांव में बाल विवाह की सूचना मिलने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के निर्देशन में टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया। टीम ने विवाह स्थल पर मौजूद परिजनों व ग्रामवासियों को बाल विवाह अधिनियम 2006 की जानकारी दी, जिसके तहत लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। उल्लंघन की स्थिति में 2 वर्ष की सजा या एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। समझाइश के दौरान बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों जैसे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम, शिक्षा में बाधा और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। समझाइश के पश्चात परिजनों ने बाल विवाह न करने का निर्णय लिया। अप्रैल 2025 तक अब तक कुल चार बाल विवाह को रोका जा चुका है। इस अवसर पर प्रशासन ने समाज के सभी वर्गों से—जैसे कि धर्मगुरु, बैंड बाजा वाले, समाज के मुखिया, प्रिंटर्स और आम नागरिकों—से अपील की कि वे बाल विवाह को रोकने में सहयोग करें। विशेष रूप से यह सुनिश्चित करें कि विवाह से पूर्व लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो। बाल विवाह की रोकथाम में केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## पहलग्राम हमले के विरोध में अनूपपुर विहिप-बजरंग दल का मशाल लेकर प्रदर्शन

**अनूपपुर।** पालनग्राम में निर्दोष निहत्थे नागरिकों पर हुए हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सामतपुर चौराहे स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया। कार्यक्रम में शहडोल संभाग की सांसद हिमाद्रि सिंह भी शामिल हुईं और उन्होंने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए देश में बढ़ती आतंकी प्रवृत्तियों पर चिंता जताई। कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर हमले में घायल निर्दोष व्यक्ति के प्रति संवेदना प्रकट की और दोषियों को शीघ्र सजा देने की मांग की। इस प्रकार की घटनाएं समाज को तोड़ने का प्रयास हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**शिव मारुति युवा संगठन के नेतृत्व में लोगों ने दी श्रद्धांजलि-** पहलगाम सामूहिक नर संहार के विरुद्ध लोगों में काफी गुस्सा है। शिव मारुति युवा संगठन ,बजरंग दल सर्व हिन्दू समाज अनूपपुर इकाई द्वारा आज शुक्रवार, 25 अप्रैल को सभी 26 मृतक पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

### दुकान व घर की दबिश में 37 कर्जदारों के कोरे चेक, शपथ पत्र, 6 बाइक समेत एक कार जप्त

## पुलिस की चंगुल में आया सूदखोर





### आपदा में अवसर ढूंढने वाला आरोपी सूदखोर पहुंचा हवालात

अनूपपुर।

आर्थिक संकट के कारण सूदखोरी के कुचक्र में फंसकर बर्बाद हो रहे गरीब व जरूरतमंदों से ब्याज के नाम पर शोषण किया जाकर कर्ज दिये जाने के नाम पर उनसे उनकी मोटर सायकल, कार एवं सोना चांदी के जेवर गिरवी रखते हुए मूल रकम से कई गुना ब्याज वसूला वसूले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने कर्ज के नाम पर सूदखोरी कर ब्याज वसूलकर शोषण किये जाने की शिकायतों पर वार्ड क्रमांक 14 चेतना नगर में संचिालत आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार के दुकान एवं घर में दबिश देते हुए 37 पीड़ित कर्जदारों के कोरे चेक, कर्ज लिये जाने के संबंध में शपथ पत्र के साथ आरोपी के घर से कर्जदारो की खड़ी कराई गई 6 बाइक एवं 1 कार को जप्त किया गया है। जप्त रिकार्ड के अनुसार करीब 57 लाख 48 हजार की राशि ब्याज में आरोपी सूदखोर के द्वारा वसूली की जा चुकी है।

### यह है मामला

अनूपपुर में कई जरूरतमंदो को कर्ज के जाल में फंसाकर सूदखोरी कर ब्याज वसूलकर शोषण किये जाने की शिकायत शिवदास राठौर पिता तुलसीदास राठौर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1 सामतपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर से की गई। शिकायत में बताया गया कि आर्थिक तंगी के चलते मजबूरीवश उसने चेतना नगर स्थित आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार से अक्टूबर 2022 में पचास हजार रूपये का कर्ज लिया था, जिसके बदले सुरेश सिंह पंवार ने कोरे चेकों पर हस्ताक्षर कराकर ले लिया था, अब तक उसने 95 हजारू रूपये देने के बाद भी सुरेश सिहं पंवार द्वारा मूलधन 50 हजारू रूपये बकाया होना कहकर डराया धमकाया जाता है और साथ में बैंक चेक को न्यायालय में लगाकर कोर्ट से नोटिस भी करा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने सूदखोर सुरेश सिहं पंवार पिता जयकरण सिहं पंवार उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 चेतना नगर के खिलाफ धारा 420 भादवि. 3,4 म.प्र. ऋणियो का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाकर मामले को विवेचना में लिया गया। वहीं दूसरे मामले में श्यामसुन्दर मिश्रा पिता स्व. शिवप्रसाद मिश्रा उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड 9 बाबा कालोनी अनूपपुर द्वारा थाना कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कोरोना महामारी के समय आर्थिक तंगी के चलते वर्ष 2021 में आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार से 5 लाख रूपये का कर्जा लेकर अपने बैंक के कोरे चेक रख दिये थे, जो अब तक 7 लाख 50 हजार रूपये व्याज देने के बाद भी सुरेश सिहं पंवार द्वारा मूलधन 5 लाख रूपये बकाया होना बताकर परेशान किया जा रहा है। उक्त रिपोर्ट पर भी पुलिस ने आरसीएम दुकान के संचालक सूदखोर सुरेश सिहं पंवार के खिलाफ धारा 318 (4) बी.एन.एस. एवं 3.4 म.प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपील, निडर होकर करें शिकायत

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा गुरुवार की रात्रि थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचकर गिरफ्तार आरोपी सुरेश सिहं पंवार से स्वयं पूछताछ की गई। आरोपी सूदखोर ने कोरोना महामारी को आपदा का अवसर बनाकर अपना सूदखोरी का काम किया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा कोराना महामारी के समय कई लोगो का व्यापार एवं काम ठप्प हो जाने पर उनकी मजबूरी एवं परेशानियां का लाभ उठाकर दो गुना ब्याज दर पर लोगों को कर्जा दिया।

खबर संक्षेप

### कलेक्टर द्वारा नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन का आदेश जारी

**नरसिंहपुर।** प्रशासकीय कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने जिले में नायब तहसीलदारों के मध्य कार्यविभाजन का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नायब तहसीलदार आकाश डहारे को प्रभारी तहसीलदार तेंदूखेड़ा, नायब तहसीलदार रोहित राजपूत को नायब तहसीलदार सांईखेड़ा- देवरी सर्किल, नायब तहसीलदार नितिन राय को नायब तहसीलदार गाडरवारा- चीचली सर्किल, नायब तहसीलदार श्रीमती नीलम श्रीवास को नायब तहसीलदार नरसिंहपुर, नायब तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को प्रभारी तहसीलदार सांईखेड़ा, प्रभारी नायब तहसीलदार महेश बट्टी को नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा और प्रभारी नायब तहसीलदार राजकुमार श्रीपाल को नायब तहसीलदार गोटेगांव में नवीन पदस्थापना की गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के राजस्व विभाग के निर्देशन में नायब तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव का जिला बैतूल से और नायब तहसीलदार नितिन कुमार राय को जिला नर्मदापुरम से नरसिंहपुर जिले में प्रशासकीय आधार पर स्थानांतरण किया गया है। शासन के निर्देश के परिपालन में संबंधित नायब तहसीलदारों द्वारा जिले में 21 अप्रैल 2025 को अपनी उपस्थिति दी है। इस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन का आदेश जारी किया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपनी उपस्थिति पदस्थापना स्थल पर दिया जाना सुनिश्चित करें।

### बलात्कार कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर।** न्यायालय प्रथम सत्र न्यायाधीश, नीतिराज सिंह सिसौदिया के न्यायालय द्वारा बलात्कार कर हत्या करने वाले आरोपी अभिनेन्द्र यादव उर्फ बबलू आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम छीतापार थाना करेली जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 450 में दोषसिद्ध पाते हुये 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड, धारा 302 के अधीन आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड एवं भादवि की धारा 376-क के अधीन 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अभिनेन्द्र यादव उर्फ बबलू आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम छीतापार थाना करेली जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 450 में दोषसिद्ध पाते हुये 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड, धारा 302 के अधीन आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड एवं भादवि की धारा 376-क के अधीन 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### नहीं रही शोभा राय

*तेंदूखेड़ा।* विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित राय परिवार के आदर्श राय अनूप राय और अनीस राय की पूज्य माती जी श्रीमती शोभा राय की अचानक हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया।नगर एवं क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों तथा पूर्व विधायक संजय शर्मा ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## महाराज श्री ने की निंदा, मुस्लिम संगठन ने सौंपा ज्ञापन

# पहलगांव हमले को लेकर लोगों में रोष

नरसिंहपुर

बीते दो दिवस पूर्व पहलगांव मे हुए आंतकी हमले को लेकर लोगों में रोष व्यक्त है प्रत्येक नागरिकों द्वारा घटना को लेकर निंदा करते हुए टिप्पणी की जा रही है। वही समाज के विभिन्न सामाजिक समुदायों द्वारा सरकार को ज्ञापन सौंप कर कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है। उक्त घटना को लेकर महाराज श्री द्वारा कहा गया कि समय आ गया है कि हमें अपने गांव शहर में छुपे गद्दारों को मुखबिरों को पहचानना चाहिए और उन्हें कड़ा सबक सिखाना चाहिए साथ ही सरकार को आर-पार की कार्यवाही करना चाहिए जिससे आतंकवादियों को संरक्षण देने वालों को सबक मिल सके और इस बीमारी को खत्म किया जा सके। उक्त बात शुक्रवार को श्री सिद्धबाबा झिरना पर चल रहे महायज्ञ के दौरान श्रीराम कथा में श्रीश्री 1008 अनंत विभूषित राष्ट्रीय संत चित्रकूट धाम सनकादिक महाराज ने कही। श्रद्धालुओं को आशीष वचन देने के दौरान महाराज श्री ने कहा कि पहलगाम की घटना झंकझोंर देने वाली है। चिंता का विषय है कि आज भी कुछ तत्व भारतीय नही बन पा रहे। ऐसे लोगों के विरूद्ध हम सबको कड़ा कदम उठाना चाहिए। क्योंकि देश में छुपे गद्दार ही आतंकवादियों और पाकिस्तान को सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। सनकादिक महाराज ने कहा कि सरकार को भी चाहिए कि वो आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ इस बार आर-पार की लड़ाई लड़े। अन्यथा यह आतंकवादी रूपी बीमारी देश को कमजोर करती रहेगी।





### मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन

बीते दिवस जम्मू काश्मीर के पहलगाम में देश के निर्दोष नागरिकों के खिलाफ दहशतगर्दों ने जिस आतंकी घटना को अंजाम देकर जान ली है, ऐसे दहशतगर्दों और देश विरोधी आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की माँग नरसिंहपुर के समस्त मुस्लिम समाज ने की है। जुमे की नमाज के बाद जिला मुख्यालय के मुस्लिमजन कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए और उन्होंने पहलगाम घटना की पुरजोर तरीके से निंदा करते हुए घटना में मृत हुए नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं इस घटना में घायल हुए व्यक्तियों व उनके परिजनों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की। मुस्लिम जनों ने भारत सरकार से गुजारिश है कि वह इन आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे, इस मौके पर मुस्लिम समाज नरसिंहपुर के मुस्लिमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे सभी ने एकजुटता के साथ कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब एक हैं, जुल्म व आतंक के खिलाफ हैं।





### कांग्रेसजनों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घटना निंदा की । श्रद्धांजलि में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल आशीष दुबे वीरेंद्र पाठक देवेंद्र शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष अमित राय राजेंद्र नेमा अजय मालवीय अजय दुबे रफी कुद्दीन मनोज राव राजा ओसवाल गब्बर नौरिया युवा कांग्रेस अतुल चौरसिया रोहित पटेल सिद्धांत जायसवाल विवेक पटेल सौरव रीछारिया अंकुर बटरी जिलाध्यक्ष ईशान राय पार्षद काजल सोनेलाल मोहित जेकप राजा ठाकुर अभिषेक जाट निकिता सक्सेना अन्निलाल यादव एब समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन संघ ने सौंपा ज्ञापन

पहलगांव मे हुए हमले मे को लेकर *समाज के सभी वर्गों में काफी रोष बना हुआ है। लोगों द्वारा हमलावरों पर ठोस कार्रवाई की मांग की जा रही है वही सरकार द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा भारत सरकार के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर पहलगाव में हुये आतंकी हमले में निर्दोश पर्यटकों की कायरता पूर्ण 27 व्यक्तियों की हत्या के विरोध में दिवंगत हुये परिवारी को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की गई। दुःख की इस घड़ी में समस्त व्यापारी शोकाकुल परिवारों के साथ है। हम सब केंद्र सरकार द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु सरकार के साथ खड़े है।*



# तेजस्वी मेले का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चावरपाठा में तेजस्वी कार्यक्रम के अन्तर्गत सीड मनी वितरण एवं तेजस्वी मेले का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक मुख्यालय के गणमान्य नागरिक, सरपंच गोपालदास महंत, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस मरावी ने अपनी उपस्थिति दिया।जिसमें श्याम गोपाल पाण्डे ने अपने व्यवसायिक हुनर के अनुभव विद्यार्थियों को प्रदान किये। शाला से मेले में 25 टीमों ने अपनी सहभागिता दी। प्रत्येक तेजस्वी विद्यार्थियों को सीड मनी वितरण उनके खाते में किया जायेगा। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी टीम के साथ अपने अपने उत्पाद के स्टाल लगाकर अपना-अपना प्रदर्शन किया। शाला के समस्त शिक्षको ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। प्राचार्य के पी साइलवार ने तेजस्वी विद्यार्थियों को अपने जीवन में कैसे सफलता प्राप्त हो, अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम शिक्षक परवेज अख्तर खान ने तेजस्वी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ट्रेनर शिवदयाल नौरिया ने सीड मनी का उपयोग कैसे करें और उसकी उपादेयता पर विस्तृत प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन तेजस्वी शिक्षिका श्रीमती रूचि सोनी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शोभा तिवारी ने भी अपने विचार तेजस्वी कार्यक्रम के बारे में रखे। कार्यक्रम में जिले द्वारा चयनित टीम लीडर गौरव तिवारी और आशीष श्रीवास्तव द्वारा भविष्य में अपनी योजनाओं के बारे में विस्तार से शाला परिवार को अवगत कराया। कार्यक्रम के आयोजन में तेजस्वी टीम से कुंदन विश्वकर्मा एवं अभिनय गर्ग का मार्गदर्शन प्रदान किया।

### शासकीय महाविद्यालय में शार्ट सर्किट से लगी आग टली बड़ी दुर्घटना

**तेंदूखेड़ा ।** शुक्रवार के सुबह-सुबह अचानक शासकीय महाविद्यालय में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से अफरातफरी मच गई वहीं विद्युत सामग्री जल गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं अग्नि शमन यंत्र के माध्यम से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया नहीं तो भीषण दुर्घटना घटित हो जाती। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार सुबह-सुबह महाविद्यालय में स्वीपर द्वारा साफ सफाई का काम किया जा रहा था उसे कुछ फूटने जैसी आवाज सुनाई दी और धुआं देख जैसे ही वह बाहर आया तो डीबीआर बाक्स से तेज आग निकल रही थी। स्वीपर ने तत्काल स्थानीय अन्य कर्मचारियों और प्रभारी प्राचार्य को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों की सूझबूझ से पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचित कर दिया गया था। चूंकि स्थानीय स्तर पर प्रयास चल ही रहे थे कि महाविद्यालय में लगे अग्नि शमन यंत्र तथा फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फिर भी डी बी आर हार्डडिस्क केबिल पंखे तथा शोफा कबर कुसन जल गये थे। यदि आग और भड़क जाती तो अन्य स्टेशनरी सामग्री परीक्षा कापियां दस्तावेज फाइलें बगैरा भी जल जातीं। महाविद्यालय नगर से बाहर लगभग एक किलोमीटर दूर पहाड़ी की तलहटी से लगा हुआ है। यहां पर पानी की गंभीर समस्या भी बनीं हुई है।

### वैदेही विद्रोह उपन्यास का हुआ विमोचन




**नरसिंहपुर।** गत दिवस महिलाओं की मानसिक व सामाजिक स्थिति को लेकर अनुभवों के साथ शिक्षाविद और लेखिका डॉ स्वाती चांदोरकर द्वारा लिखित उपन्यास वैदेही विद्रोह का विमोचन किया गया विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ट पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, वरिष्ट पत्रकार अमृता सिंह एवं मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विकास शर्मा मौजूद रहे।

### विद्युत समस्या को लेकर किसानों सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस बिजली की समस्या को लेकर किसानों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि सगौनी पावर हाउस से समनापुर फीडर पर एक सप्ताह मे लगभग 24 घंटे ही बिजली मिली है जिससे किसानों की फसले सूखने की कगार पर है। बिजली की समस्या को लेकर किसानों द्वारा अनेकों बार जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है जिस पर कोई ठोस कार्रवाई ना होने पर पुनः ज्ञापन दिया गया। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाई गई भगवान सेन जी महाराज की जयंती



**नरसिंहपुर।** शुक्रवार को सेन समाज द्वारा स्थानीय सदर मढिया स्थित तुलसी मानस भवन मे सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती मनाई गई। प्रातः सर्व प्रथम रामधुन मंडल मे प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर को हवन - पूजन व चालीसा पाठ तथा महाआरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान लोगों व मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया गया। सांध्यकालीन विविध मंडलों मे प्रसादी वितरण की गई। उक्त मौके स्वाजातीय बंधुओं द्वारा अपने - अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप सेन, साहब लाल सेन, मुन्ना लाल सेन, मदन ऊमरे, मोनू सेन, प्रवेश सेन, राजू सेन, आशीष सेन, अनूप सेन, रामचरण सेन, विजय सराठे, सतीश श्रीवास, ब्रजेश सेन, इमरात लाल, हेमंत सेन, हेमराज सेन, राजा सेन, लक्ष्मन सेन, आयुष सराठे सहित सभी स्वाजातीय बंधु उपस्थित रहे ।

### श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**नरसिंहपुर।** बीते दिनों द्वारा स्थानीय आनंद नगर कालोनी निवासी दीपक सोनी द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास पंडित आचार्य सुदर्शनाचार्य जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मार्मिक कथा का रसपान करातें हुए नंद बाबा की खुशियों का वर्णन किया गया उसके उपरांत भगवान की बाल लीलाओं को विस्तार से बताया गया। श्रीमद भागवत कथा में आचार्य प्रमोद मिश्रा , पंडित मनोहर शास्त्री, राधे राधे आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे, पंडित विपिन चंद्र द्विवेदी, पंडित लक्ष्मण वैष्णव की उपस्थिति रही। कथा के दौरान पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## स्कूल में वाटर कूलर किया भेंट



**नरसिंहपुर।** नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रानी अवंती बाई विद्यार्थियों की सुविधा तथा शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर भेंट कर सौंगात दी। विगत 3-4 वर्षों से संस्कार शाला संचालिका श्रीमती नीता शर्मा द्वारा समय-समय पर निशुल्क भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की कक्षा ली जाती है। छोटे बच्चों हेतु ठंडा स्वच्छ पेयजल की अत्यंत आवश्यकता प्रतीत होने पर उनकी प्रेरणा से शर्मा परिवार द्वारा निर्मित मां नर्मदा बाल संस्कार संरक्षण फाउंडेशन के माध्यम से वाटर कूलर प्रदाय किया गया। उक्त मौके पर अतिथिगण श्रीमती विवेक पांडे जिला अध्यक्ष महिला ब्राह्मण सभा, श्रीमती संध्या कोठारी, पूर्व पार्षद रमाकांत चैबे, श्रीमती ज्योति तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम में घटित हृदय विधायक घटना के दिवंगतों को मौन श्रद्धांजलि दी गई ।

## किसान चौपाल का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्रीन टीवी चैनल द्वारा पीजी कॉलेज में एक दिवसीय किसान चैपाल का आयोजन किया गया इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के किसानों को फसलों में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना था. साथ ही, किसानों को इन उर्वरकों के संतुलित उपयोग और उद्यानिकी फसल प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई पराली प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी कार्यक्रम में व्यापक चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य किसानों को पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया. इनमें प्रमुख रूप से कृष्ण पाल लोधी, राकेश बक्शी, राव गुलाब सिंह, और उपेन्द्र कौरव शामिल थे।

### नहीं रहीं पूना बाई जैन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रतिष्ठित विलगंवा वाला परिवार के सेठ जय कुमार विमलेश जैन की माता जी श्रीमति पूनाबाई जैन का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को लेकर समस्या





**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों भीषड़ गर्मी के चलते जहां आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। वहीं जमीनी जल स्तर भी काफी नीचे पहुंचता जा रहा है।जिस कारण से हेंडपंपों से पानी की जगह हवा निकलने लगी है। पानी को लेकर लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हमारे प्रतिनिधि को समीपी ग्राम पंचायत बिजोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम विजोरा मानकपुर खैरी और बांसखेड़ा लगभग तीन हजार की आबादी में 27 हेंड पंप तो लगे हुये है लेकिन सबके सब शोभा की सुपारी बनें हुए हैं। इनमें से 14 हेंड पंप बिल्कुल ही पानी नहीं दे रहे हैं।बाकी 13 हेंड पंपों में से मुश्किल से एक या दो बाल्टी ही पानी आ रहा है। फिर घंटों इंतजार करने के बाद फिर पानी आ पाता है वहीं लाल या मटमेला।लोग निस्तार के पानी को भी लेकर परेशान देखे जा रहे हैं।

### मवेशियों को पानी की बनीं समस्या

यहां पर सबसे बड़ी समस्या मवेशियों को पीने के पानी की बनीं हुई है।पशु पालक काफी दूर से पानी लाकर मवेशियों को पानी पिलाने के साथ स्वयं की व्यवस्था में लगे हुए हैं। चूंकि यह क्षेत्र जंगल की तलहटी से लगा हुआ है। और छोटे छोटे जंगली जानवर भी पानी की तलाश में यहां वहां भटक रहे हैं। पूर्व से ही यहां पर पानी की समस्या बनी हुई है और पेयजल से लेकर किसी बड़े जलाशय की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी है। ऊपर झिरा घाटी से लेकर एन एच 45 की सड़क के किनारे से लेकर बांसखेड़ा पीपरवानी पान धूपखेडा हथनी घुघरी रम्पुरा आलनपुर आदिवासी बाहुल्य ग्राम मौआखेडा ढिलवार मर्रावन खकरैडी ब्रम्हनी तक पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है।



## आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

### गांधी प्रतिमा और भारत माता के सामने मौन श्रद्धांजलि

**तेंदूखेड़ा ।** विगत दिनों पहलगांव में हुये आतंकी हमलें और निर्दोष पर्यटकों को जान से मारने की घटना से हर भारतीय के दिल में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा ऐतराज विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तथा कठोर कार्रवाई के साथ आतंकवाद गतिविधियों में संलग्न रहने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिये जाने की मांग के साथ हर मुश्किल में सरकार के साथ रहने समर्थन की बात कही जा रही है। वहीं गुरुवार को पूज्य गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष भारत माता के चित्र के समक्ष दीपक जलाकर मृत पर्यटकों को केंडिल जलाकर श्रंद्धाजलि दी गई।उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का रखकर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार किशोर राय एवं सद्गुरु विद्यापीठ के संचालक पं चंद्रकांत चौवे ने अपनी सद्भावना प्रकट करते हुए आतंकी गतिविधियों को हर जबाब में सरकार के साथ रहने की बात कही। श्रंद्धाजलि सभा में श्रमजीवी पत्रकार परिषद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ श्री राम रसिया भक्त मंडल शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े शिक्षकों समाजसेवियों व्यापारी वर्ग के लोग प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### बैंक मित्र काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा ।** मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन के सभी सदस्य बैंक मित्र 1 मई मजदूर दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कियोस्क संचालक बैंक मित्रों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने का प्रदेश भर में आवाहन किया है। सूचना आरबीआई को भेज कर बताया कि उन पर जबरदस्ती बीमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। और यदि ऐसा नहीं होता है या बैंक मित्र द्वारा बीमा नहीं किया जाता है। तो उसकी आईडी बंद कर दी जाती है। ऐसी मानसिक प्रताड़ना के कारण बहुत से बैंक मित्रों ने आत्महत्या कर ली है। इसलिए प्रदेश भर के सभी बैंक मित्र 1 में को मजदूर दिवस के अवसर पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। हमारे प्रतिनिधि को नरसिंहपुर बैंक मित्र संगठन के अध्यक्ष अभिषेक कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया है कि जबरदस्ती ग्राहकों का बीमा हम लोगों से कराया जा रहा है। कई प्रकार की प्रताड़नाएं हम लोगों को झेलनी पड़ रही है जिसके कारण हम सभी संगठन के साथी 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जताएंगे।